an>

Title: Need to expedite construction of Dobra-Chanti bridge in Tehri district, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड की ओर दिलाना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत टिहरी डैम की झील के पार प्रताप नगर, जाखनीधार, धनशाली व उत्तरकाशी के कुछ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों-नागरिकों को सुविधा देने के लिए प्रस्तावित आधुनिक तकनीकी पर आधारित एशिया के दूसरे बड़े " सिंगल स्पान पुल डोबरा चॉटी " पुल के निर्माण के लिए 2006 में प्रथम निविदा जारी की गई थी। प्रस्तावित समय पर 90 करोड़ रूपए की लागत राशि से योजना शुरू हुई जिसके अब काफी बढ़ने की संभावना है। टी.एच.डी.सी. ने डोबरा चॉटी पुल के निर्माण के लिए अभी तक 132 करोड़ रूपए का भुगतान कंपनी को कर दिया है। पिछले दस वÂ◌ा◌ा◌ों में एक अबर रूपये से ज्यादा खर्च होने के बावजूद अभी पुल भी डिजाइन परीक्षण के दौर में ही है। अभी तक अन्तिम निर्णय न होने से निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हो रही है। इस दौरान निर्माण में कई तरह की अनियमितताओं की बातें आई हैं। इस क्षेत्र के लोग पिछले कई दिनों से धरने पर बेठे हैं और क्षेत्र की जनता आक्रोशित है।

अतः से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रभावित क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों की जिन्दगी की समस्याओं को देखते हुए पुल निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ किया जाए तथा स्थानीय लोगों के लिए 24 घण्टे नःशुल्क मोटरबोट सुविधा उपलब्ध करायी जाएं।